मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-339
**10/10/2024**

# मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए माँ दुर्गा की पूजा अर्चना की

पटना, 10 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज महाअष्टमी के अवसर पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति स्थित माँ दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा समिति की ओर से मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया गया।

ठाकुरबाड़ी में मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवयुवक संघ श्री दुर्गा पूजा समिति डाकबंगला रोड में मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने नाला रोड स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम पर माता रानी का आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। आयोजक मंडल ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। यहां से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार लंगरटोली स्थित बंगाली अखाड़ा दुर्गा मंदिर गए जहां उन्होंने देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन किए।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित काली मंदिर जाकर शक्ति की देवी माँ दुर्गा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******